राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने राज्यसभा की पूर्व सांसद पद्मविभूषण मूर्धन्य कलाविद् कपिला वात्स्यायन के निधन पर शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 16 सितम्बर 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने राज्यसभा की पूर्व सदस्य पदम्विभूषण मूर्धन्य कलाविद् कपिला वात्स्यायन जी के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल श्री चौहान ने कहा है कि कपिला जी भारतीय शास्त्रीय नृत्य, कला, वास्तु, नाट्य, रंगमंच, कला–इतिहास की एक ऐसी उत्कृष्ट भारतीय प्रतिभा थीं, जिनकी सम्पूर्ण विश्व में प्रतिष्ठा थी। उनके निधन से कला–जगत् को अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगत कलाविद् की आत्मा को चिरशांति तथा उनके शोक–संतप्त परिजनों–प्रशंसकों को धैर्य–धारण की क्षमता प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

....